

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 48 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 19 अक्टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य - आलोक दुबे





सिवनी यशोः - भारत माता की जय करने के पवित्र संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी राजनीति कर रही है और केन्द्र तथा प्रदेश में सत्ता में आने के बाद जनकल्याण आर्थिक विकास के ऐतिहासिक कार्य किये है जिसका परिणाम है कि भारत दुनिया में बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में बनकर उभरा है आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी पाँचवीं आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हुआ है । भाजपा अंतिम छोर के व्यक्ति के उत्थान, सुशासन और जनकल्याण के भाव से काम करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है और यह स मान भाजपा को कार्यकर्त्ताओं के बल प्राप्त हुआ है आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को स मान दिलाने के लिये भाजपा के कार्यकर्त्ताओं को पूरी ताकत से कार्य करना है और विधानसभा चुनाव के हमारे प्रत्याशी दिनेश मुनमुन को ऐतिहासिक जीत का सेहरा पहनाना है । इस आशय की बात भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने भाजपा जिला कार्यालय में सिवनी के कार्यकर्त्ताओं के आहूत बैठक को संबोधित करते हुये व्यक्त किये ।

### कांग्रेस के पास बताने के लिये कुछ नहीं, यह झूठ फैलायेगी

भाजपा जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि अब बहुत अधिक बैठकों की आवश्यकता नहीं कार्यकर्त्ताओं को भाजपा की जीत के लिये मैदान में कार्य करने की आवश्यकता है । श्री दुबे ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्त्ताओं के पास जनता को बताने के लिये बहुत कुछ है परंतु विरोधियों के पास जनता को बताने के लिये कुछ नहीं है परंतु वे हमारे संबंध में भ्रम का वातावरण बनाकर जनता को गुमराह करना चाहते है और उनके इस मंसूबो को हमारे कार्यकर्त्ता पूरी क्षमता से नाकाम करने समाज के बीच अपनी उपस्तिथी सुनिश्चित करें । श्री दुबे ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्त्ता बौद्धिक रूप से परिपक्व है कांग्रेस के झूठ को निरूत्तर करने में वे सक्षम है । आम जनता को कांग्रेस शासन की दुर्व्यवस्थाओं से अवगत कराये और भाजपा ने जो विकास के माध्यम से क्रांतिकारी बदलाव किये है वह चित्र आम जनों के समक्ष रखे भाजपा की जनकल्याण की योजनाओं से समाज के हर परिवार लाभांवित हो रहे है परंतु कांग्रेस सत्ता में आती है वे जनकल्याणकारी योजनाएँ बंद कर देती है । श्री दुबे ने कहा कि कांग्रेस का वचन पत्र केवल झूठ का पुलिंदा है पिछली बार भी उन्होंने ऐसा ही वचन पत्र प्रचारित किया था परंतु सत्ता में आने के बाद अपने वचन पत्र को कुड़े डाल दिया था और जनता के साथ धोखा किया था ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्र ारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञपित में बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर आयोजित नगर की बैठक में बालाघाट सांसद डाँ. ढालसिंह बिसेन, सिवनी विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन, सिवनी जिला प्रबंधन समिति के संयोजक वेदसिंह ठाकुर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुदर्शन बाझल, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईके, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष युवराज राहंगडाले ओम दुबे जी, संतोष नगपुरे, ओमप्रकाश तिवारी ने कार्यकर्त्ताओं को संबोधित किया ।

### गौरवशाली राष्ट्र निर्माण के लिये भाजपा आवश्यक है

सांसद डाँ. बिसेन` कहा कि भाजपा सांस्कृतिक गौरवशाली भारत के निर्माण के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कार्य कर ही है । देश के लिये मोदी जी का शासनकाल गौरवशाली रहा है और गौरवपूर्ण काम करने का अवसर कार्यकर्त्ताओं की मेहनत ने दिया है । भाजपा ने वह ऐतिहासिक कार्य किये है जिसकी कल्पना को लेकर भाजपा की स्थापना की हुई थी भाजपा के जो संकल्प थे वे पूर्ण करने की दिशा में प्रधानमंत्री जी ने काम किया है । गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने के साथ देश का क्रांतिकारी विकास, और धारा 370 की समाप्ति, राममंदिर का भव्य निर्माण, ऐतिहासिक महत्व के तीर्थ स्थलों इतिहास के गौरवशाली स्थलों को भव्यता प्रदान करने का भाजपा ने काम किया है । यह गति रूकना नहीं चाहिये इसके लिये भाजपा कार्यकर्त्ता सिवनी विधानसभा से ताकत देने का काम करें ।

### भाजपा ने विकास के माध्यम से तस्वीर बदली है और कांग्रेस अस्तित्व केवल लूट और झूठ के कारण

सिवनी विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि भाजपा ने विकास के जिले में इतने काम किये है कि जिले की तस्वीर और तकदीर बदल रही है और जो काम नहीं हुये वे आगे पूरी क्षमता से किये जायेगे । कांग्रेस से विकास की उ मीद करना अपने साथ धोखा करना है कांग्रेस केवल लूट और झूठ के सहारे चलती है । वर्तमान में जो कांग्रेस के प्रत्याशी है वे बाते बड़ी कर सकते है परंतु सत्ता में आने के बादे या करेंगे यह सिवनी नगर की जनता बेहतर जानती है । कांग्रेस की अठारह माह की सरकार में कांग्रेस ने` या किया है यह भी किसी से छुपा नहीं है सिवनी में ही तबादलों के नाम पर सरकारी कर्मचारियों को परेशान किया गया, व्यापारियों को अतिक्रमण और लीज कैंसिल करने, उनके प्रतिष्ठानों पर अधिकारियों को भेजकर उन पर मिलावट के केस बनाये गये या वसूली की गयी । श्री राय ने बताया कि उन्होंने कोरोना जैसे वैश्विक संकट के समय भाजपा कार्यकर्त्ताओं के साथ अपनी जिंदगी दांव पर लगाकर सिवनी की जनता की सेवा की ट्रको से राशन और अन्य जरूरत की सामग्री जरूरतमंदों तक पहुँचाई चिकित्सा केन्द्रों में पहुँचकर मरीजो की सेवा की जिसके लिये प्रशासनिक अधिकारियों एवं पार्टी के वरिष्ठ जनों ने भी सुरक्षा के प्रति लापरवाही के लिये हमे कई बार सचेत किया । हमने चिकित्सा व्यवस्था के सुधार एवं तात्कालिक सुविधाओं के लिये एक करोड़ रूपये की राशि भी प्रदान की एवं लगातार व्यवस्थाओं के लिये पर्याप्त सहयोग की चिंता की गयी परंतु कांग्रेसी उस संकट के समय घर में दुबके रहे और छिंगली कटाकर शहीद होने का झूठे प्रचार में लगे रहे । अज्ञात व्यक्तियों के अंतिम संस्कार औरआत्म शांति के लिये हिन्दु संस्कृति के अनुसार सारे कर्मकांड किये जिसका कांग्रेसी आज मजाक उड़ा रहे परंतु उन्हें धार्मिक संस्कारों का ज्ञान हो तब तो वे इस इसके प्रति स मान रखते ।

बैठक में अन्य वक्ताओं ने सोशल मीडिया में सक्रिय रहने और एकजुटता से भाजपा को चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाने की बात कही । बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, प्रदीप राय, आनंद शर्मा,डां. अभिजीत चौहान, श्रीमती एकता चौरसिया, मेहताप सिंह, श्रीमती निर्मला ठाकुर, सुश्री रानी बघेल, श्रीमती पार्वती जंघेला, श्रीमती मंजूला कौशल, राजेन्द्र उपाध्याय प्रहलाद पटेल, भाजपा दक्षिण नगर मंडल के अध्यक्ष अभिषेक दुबे, उत्तर नगर मंडल के अध्यक्ष संजय सोनी सहित बड़ी सं या में पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

## विद्युत मंडल बरघाट रोड में आकर्षक प्रतिमा स्थापित होने के साथ हर दिन मनमोहक कार्यक्रम हो रहे संपन्न



सिवनी यशोः- सिवनी नगरीय क्षेत्र में दुर्गा उत्सव धूम धाम से मनाया जा रहा है नगर में आकर्षक दुर्गा प्रतिमाएँ स्थापित की गयी है और दुर्गा पूजा पंडालों में आकर्षक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है । श्री सार्वजनिक मां शक्ति पूजा पंडाल विद्युत मंडल परिवार बरघाट रोड सिवनी द्वारा मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा की स्थापना के साथ ही 15 अे टूबर को स्थापित होने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रंगारंग कार्यक्रम आयोजितहो रहे है ।

प्रतिमा स्थापना के दूसरे दिन यहाँ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति प्रारंभ हो गयी जिसमें 16 अे टूबर सोमवार को रंगोली, फैंसी ड्रेस एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया । तीसरे दिन कुर्सी दौड़ एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोर्ीित की गयी । 18 अे टूबर चतुर्थी को आकर्षक मनोरंजक और दिमागी कसरत वाले गे स आयोजित किये जिसका प्रतिभागियों एवं दर्शको ने भर पूर आनंद उठाया । यहाँ की आकर्षक प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले प्रतिभागी और विजेताओं को समिति द्वारा आकर्षक ईनाम भी प्रदान कर रही है । प्रतियोगिताएं आने समय में निरंतर जारी रहने वाली है आज19 अे टूबर पंचमी को अंताक्षरी 20 अे टूबर पष्ठी को कराओके सॉन्ग एवं 21अे टूबा सप्तमी के दिन शनिवार को गरबा का आयोजन समिति परिवार द्वारा किया गया है । इसके साथ अंतिम दिवस महानवमी रविवार 22 अे टूबर को पूजाथाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है ।

प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 8:00 बजे से 10:00 बजे आयोजित किये जा रहे है । सांस्कृतिक आयोजन में सहभागिता हेतु इच्छुक प्रतिभागी पंजीयन करा कर भाग ले सकेंगे । कार्यक्रम एवं आयोजन समिति के संरक्षक अधीक्षण अभियंता पी के अग्रवाल द्वारा बताया गया है कि आयोजन समिति संपूर्ण आयोजन आदर्श आचार संहिता के दिशा निर्देशों का पूरी तरह पालन करते कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है ।

## इस बार भाजपा का मुकाबला सनातन विरोधी ताकतो से है - संतोष



सिवनी यशोः- भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सिवनी विधानसभा के लखनवाड़ा मंडल के शक्ति केंद्र खैरी का शक्ति स मेलन भाजपा जिला उपध्यक्ष संतोष अग्रवाल की अध्यक्षता विधानसभा के विस्तारक दीपक कांबले एवं भाजपा सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी की गरिमामय उपस्थिती में पलारी शनिधाम टेकरी में संपन्न हुई । शक्ति स मेलन में खैरी शक्तिकेन्द्र के सभी बूथ अध्यक्ष बूथ समिति के सदस्य मंडल कार्य समिति एवं नगर के जेष्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए । स्वागत संबोधन मंडल के महामंत्री विनोद यादव दिया गया एवं शक्ति स मेलन की रूपरेखा बूथ अध्यक्षों के करणीय कार्य व आगामी चुनाव की कार्य योजना भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष दुर्गेश चक्रवर्ती प्रदान की गयी ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि शक्ति स मेलन में उपस्थित कार्यकर्त्ताओं को भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने संबोधित करते हुये कहा कि आज की आवश्यकता है कि सभी कार्यकर्ताओं ऊर्जा और उत्साह से भाजपा का कमल खिलाते हुए आम व्यक्ति को भाजपा की रीति नीति से जोड़ने के लिये पूरी सक्षमता से प्रयास करें और अपनी ताकत झौंक दे । भाजपा जैसी राष्ट्रवादी और सनातन की प्रबल समर्थक भाजपा का मुकाबला सनातन धर्म की विरोधी ताकतो से है श्री अग्रवाल ने कहा कि भारत जैसे आस्थावान राष्ट्र की आत्मा सनातन है इस पर हमला करने वालों को सबक सिखाने का समय है । श्री अग्रवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि खैरी शक्तिकेन्द्र के कार्यकर्ताओं के उत्साह और ऊर्जा तथा परिश्रम की पराकाष्ठा के साथ कार्य कर इस शक्ति केन्द्र के सभी बूथों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की जायेगी ।

बैठक उपस्थित विधानसभा संयोजक दीपक कांबले द्वारा बूथ विजय संकल्प की शपथ दिलाई । कार्यकर्त्ताओ ने पूरे उत्साह के साथ विश्वास दिलाया कि इस शक्तिकेन्द्र के सभी बूथों पर भाजपा की बड़ी जीत सुनिश्चित होगी । स मेलन के दौरान सभी बूथ के पदाधिकारियों को परिचय पत्र प्रदान किये गये। शक्ति स मेलन में मंडल अध्यक्ष अनिल बघेल, मंडल महामंत्री बेनीराम चंद्रवंशी, शक्ति केंद्र प्रभारी विनोद यादव,अतर सिंह घनश्याम बघेल मंडल महामंत्री विनोद यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दुर्गेश चक्रवर्ती, मंडल उपाध?यक्ष सुरेंद्र बघेल, सरपंच योगेश (टीनू पटेल) सनोडिया बूथ अध्यक्ष सनत बघेल,विमल सनोडिया,संदीप सनोदिया ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष, योगेश चक्रवर्ती, संतोष सनोदिया, रूपेश तिवारी, सुनील साहू सहित अनेक कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

## नव मतदाता स मेलन आज

सिवनी यशोः- सिवनी नगर के दोनों भाजपा मंडल के युवा मोर्चा द्वारा नव मतदाता स मेलन गुरूवार 19 अे टूबर को प्रातः 11 बजे बाहुबली लाँन बारापत्थर में आयोजित किया गया है । युवा मोर्चा के दोनों मंडल अध्यक्ष क्रमशः भुनेश कुल्हाड़े एवं ऋषभ चौरसिया ने नव मतदाता स मेलन में सभी युवा साथियों से उपस्थिती का आग्रह किया गया है । इस स मेलन में अनिल राजभर केबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश मु य अतिथि, आलोक दुबे भाजपा जिलाध्यक्ष, दिनेश राय मुनमुन भाजपा प्रत्याशी, श्री दीपक विधानसभा विस्तारक, युवराज सिंह राहंगडाले जिलाध्यक्ष भाजयुमो, संजय सोनीउत्तर मंडल अध्यक्ष एवं अभिषेक दुबे दक्षिण मंडल अध्यक्ष अतिथि के रुप मे सहभागिता करेंगे तथा नव मतदाताओं को अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे ।

## अजय केवलारी एवं डां. अभिजीत बरघाट विधानसभा घोषित

सिवनी यशोः- भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा भाजपा



जिला महामंत्री अजय डागोरिया को केवलारी विधानसभा का विधानसभा प्रभारी एवं भाजपा जिला मंत्री डाँ. अभिजीत चौहान को बरघाट विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है ।

जिला भाजपा सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय जानकारी देते हुये बताया है कि भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं जबलपुर संभाग प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सिवनी जिला प्रभारी अरूण द्विवेदी की सहमति से यह नियुक्तियाँ भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा की गयी है ।

## कांग्रेस का वचन पत्र को प्रदेश की बेहतरी देगा, कांग्रेस जो कहती है वह करती है - राजकुमार

## कांग्रेस को जिताने कार्यकर्त्ता तन मन धन के साथ जुट गये है - कांग्रेस

सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस कार्यालय सिवनी में कांग्रेस कमेटी

**वचन पत्र में प्रदेश के लिये कांग्रेस ने जो वायदे किये उस पत्रकार वार्ता में उल्लेखित किया कांग्रेस नेताओं ने**

द्वारा वचन पत्र जारी करने पर डॉ. नरेश कुमार लोकसभा प्रभारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, जिला प्रभारी चैधरी गंभीर सिंह, सिवनी विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता ली गई, जिसमें डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि कमलनाथ जी ने हमेशा यह कहा है कि सिवनी और छिन्दवाड़ा मेरे दो बाजू है बाकी प्रदेश मेरा शरीर है बाजू मजबूत होंगे तो शरीर मजबूत रहेंगा, कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करती है यह हमने



15 महिने की मध्यप्रदेश सरकार में करके बताया है। कांग्रेस पार्टी शिवराज सिंह चैहान जैसी घोषणा वीर नहीं है।

पत्रकार वार्ता को स बोधित करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कहा कि सिवनी में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षित युवाओं को रोजगार की आवश्यकता है। युवा आनंद पंजवानी के प्रत्याशी घोषित होने के बाद पूरी कांग्रेस पार्टी के अंदर उत्साह का माहौल है, कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता ‘‘ कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए तन मन धन लगा देगा‘‘। सिवनी विधायक कोरोना मृत लोगो का तर्पण कर उन परिवारों का अपमान कर रहें है` या वह परिवार अपने सगे संबंधियों का तर्पण नही कर रहें है यदि करना ही था तो कोरोना महामारी के समय बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ ओ सीन, दवॉईया, रेमडिसिविर उपलब्ध करवाते, जिसके कारण कोरोना से मृत इतने लोगो का तर्पण करने की आवश्यकता नही पड़ती।

कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी निर्विवाद, स्वच्छ छवि का धनी है बौखलाहट में सिवनी विधायक उन पर अनर्गल आरोप लगा रहें है। कोरोना महामारी के समय आनंद पंजवानी ने पैदल जा रहें मजदूरो को जाकर अपने साथियों के साथ भोजन की व्यवस्था करायी, कोरोना के मरीजों को अपनी गाड़ी में नागपुर लेकर गये, उनका ईलाज कराया। सिवनी विधायक यह भूल गये कि उन्होंने कोरोना के मरीजो के लिए किये गये कार्यो के लिए ‘‘आनंद पंजवानी को कोरोना वारियर का पुरूस्कार‘‘ भी दिया था। पूरी कांग्रेस पार्टी एक जुटता के साथ कार्य कर रही है निश्चित रूप से आनंद पंजवानी सिवनी विधानसभा चुनाव जीतेंगे। आप सभी जानते है कि विधानसभा भवन में विधायक के रूम में जुआँ पकड़ाया था जिस पर पुलिस ने कुछ लोगो पर मामला भी कायम किया था। वचन पत्र में किसान, युवा, महिला, जनसेवक, सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, पेंशनर्स के लिए लोगो को स्वच्छ जल, आवास, विज्ञान सूचना प्रोद्योगिकी, दिव्यांगो के लिए सामाजिक सूरक्षा पेंशन सभी वर्गो के लिए वचन पत्र तैयार किया गया है। किसानों को गेहूँ का समर्थन मूल्य 2600 रू. प्रति क्विंटल, धान का 2500 प्रति क्विंटल, 5 हार्स पावर तक किसानों को निःशुल्क तक बिजली, 10 हार्स पावर तक 50 प्रतिशत की छूट, 2 रू. प्रति किलो की दर से गोबर क्रय किया जायेगा, मछुआरो कृषको को मत्सय का अधिकार देंगे। मॉ नर्मदा संरक्षण अधिनियम बनाया जायेंगा, सरकारी भर्ती का कानून बनाया जायेंगा, 2 लाख सरकारी पद भरे जायेंगे। प्रत्येक ग्राम पंचायत में 4 नये पद निर्मित करेंगे, प्रतियोगि परीक्षाओं में 100 प्रतिशत छूट देंगे, स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनायेंगे, प्रदेश के नागरिकों के लिए वरदान स्वास्थ्य बीमा योजना प्रारंभ करायेंगे जिसमें 25 लाख स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख रू. दुर्घटना बीमा शामिल रहेंगा। अनेक जनहितैषी घोषणाओं को घोषणा पत्र में शामिल किया गया है। जिला कांग्रेस घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष घनश्याम सनोडिया द्वारा किसानों के हित एवं अन्य 21 सुझाव भेजे गये थे जिसमें से मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 18 सुझाव घोषणा पत्र में शामिल किया गया है। पत्रकार वार्ता में प्रिंट एवं इले ट्रानिक मीडिया के बडी सं या में पत्रकार बन्धु, जिला कांग्रेस प्रवक्ता जेपीएस तिवारी, संगठन मंत्री एड. पंकज शर्मा, अतुलचंद मालू, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजिक अकील शामिल हुये।

### जबरन नॉलेज



## चुनावी ड्यूटी के दौरान पुलिस को सेल्फी से देनी होगी लोकेशन, लापरवाही पर होगी स त कार्रवाई



इंदौर। नवंबर के महीने में मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसकी तारीख भी तय की जा चुकी है। 17 नवंबर के दिन मध्य प्रदेश में मतदान होगा। इसको लेकर अभी से ही पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को उनकी ड्यूटी के लिए निर्देशित कर दिया गया है। चुनावी ड्यूटी के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी ईमानदारी के साथ मुस्तैद रहना होगा। अगर कोई भी किसी भी प्रकार की लापरवाही करता हुआ पाया गया या किसी ने भी लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ स त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों को भेजनी होगी सही लोकेशन से सेल्फी**

बड़ी बात यह है कि अपने ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को अपनी लोकेशन सेल्फी के जरिए रोजाना भेजनी पड़ेगी। अगर लोकेशन में किसी भी तरह की गड़बड़ी पाई गई या फिर किसी कार्य में गड़बड़ी पाई गई तो उसे पर स त कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं चुनावी ड्यूटी के दौरान सभी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को मतदान वाले दिन सबसे ज्यादा सतर्क रहने के निर्देश दिए गए है। वहीं उन्हें यह भी जि मेदारी दी गई है कि वह किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर तुरंत उस जगह पर जल्द से जल्द पहुंच सके और उसे हल करना होगा।

**पुलिस आयुक्त ने किया सभी को निर्देशित**

जानकारी के मुताबिक, पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर ने सभी पुलिसकर्मियों और अधिकारीयों को निर्देशित किया है। वह सभी से मैदानी हकीकत और उनकी सही लोकेशन जानने के लिए ड्यूटी के दौरान रोजाना सेल्फी भेजने की मांग कर रहे हैं। इससे ये पता किया जा सकता है कि जिस कर्मचारी की संबंधित या बीट में ड्यूटी लगाई गई है वो सही जगह ड्यूटी दे रहा है या किसी अन्य जगह पर है। इसी वजह से रोजाना जिन कर्मचारियों की जहां ड्यूटी तय की गई है वहीं से उन्हें मौके पर संबंधित कर्मियों के साथ सेल्फी लेते हुए अपने अधिकारीयों के ग्रुप में भेजना होगी। गौरतलब है कि चुनावी ड्यूटी के लिए पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दे दी गई है। अभी भी ट्रेनिंग दी जा रही है। सभी को उनके कार्य समझाए जा रहे हैं साथ ही उन्हें उनकी जि मेदारियां भी सौंपी जा रही है। इतना ही नहीं अब तक कई कर्मचारियों की बलवा ड्रिल करवाई जा चुकी है।

# वचन पत्र नहीं, कांग्रेस ने जारी किया छल, कपट, झूठ और धोखे का दस्तावेज

## कमलनाथ-दिग्विजय सिंह के कपड़ाफाड़ घमासान के बीच कांग्रेस ने की वचन पत्र की रस्म अदायगी

**- विष्णुदत्त शर्मा**

भोपाल। कांग्रेस पार्टी ने आज अपना वचन पत्र जारी किया है, जो वचनों का नहीं, बल्कि झूठ, छल, कपट और धोखे का पत्र है। ऐसे समय में जबकि करप्शन नाथ और मि.बंटाढार के बीच कपड़ा फाड़ द्वंद और घमासान मचा हुआ है, कांग्रेस का ये वचन पत्र एक रस्म अदायगी बन कर रह गया है। ऐसा लगता है कि वचन पत्र के रूप में कांग्रेस पार्टी ने अपने झूठ का पुलिंदा एक बार फिर प्रदेश की जनता के सामने रख दिया है, जो जनता के साथ ्रूर मजाक है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने पत्रकारवार्ता के दौरान कांग्रेस के वचन पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। श्री शर्मा ने सवाल किया कि बंटाढार युग में प्रदेश को दुरावस्था में पहुंचाने वाली और 15 महीने की करप्शन नाथ सरकार के समय प्रदेश को आकंठ भ्रष्टाचार में डुबा देने वाली कांग्रेस किस मुंह से जनता से वादे कर रही है?




**फिर किसानों को छलने का प्रयास कर रही कांग्रेस**

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने वचन पत्र की शुरुआत कर्जमाफी के उस वादे से की है, जिसका झुनझुना राहुल गांधी ने 2018 में बजाया था। उन्होंने कहा था कि अगर 10 दिनों में कर्जमाफी नहीं हुई, तो मु यमंत्री बदल देंगे। कमलनाथ सरकार ने कर्जमाफी के नाम पर किसानों से तीन तरह के फॉर्म भरवाए और तरह-तरह से परेशान किया। कांग्रेस की कर्जमाफी किस तरह से मजाक बन गई थी, उसका उदाहरण हैं आगर मालवा के किसान शिवलाल, जिन पर 24000 रुपये का कर्ज था, लेकिन कमलनाथ सरकार ने सिर्फ 13 रुपये माफ किए। श्री शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी ने अगर मु यमंत्री बदलने का अपना वादा निभाया होता, तो 15 महीने में पता नहीं कितने मु यमंत्री मध्यप्रदेश को मिल जाते। उन्होंने कहा कि अब एक बार फिर कांग्रेस किसानों से झूठे वादे कर रही है। श्री शर्मा ने कहा कि किसानों की हितैषी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान की सरकारें हैं, जो 80 लाख किसानों को हर साल 12 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दे रही हैं।

**फिर शिकारी की तरह जाल फैला रही कांग्रेस**

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठे वादों के सहारे 2018 में सत्ता में आई थी, लेकिन उन वादों की पोल जल्दी ही खुल गई थी। अब एक बार फिर शिकारी की तरह कांग्रेस पार्टी ने झूठे वादों का जाल फैला दिया है, लेकिन प्रदेश की जनता अब सजग हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में नौजवानों को 1200 रुपये देने की बात कही है। 2018 में तो कांग्रेस ने बेरोजगार युवाओं को 4 हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन किसी बेरोजगार को भत्ता नहीं दिया। दूसरी तरफ प्रदेश में मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान की सरकार सीखो-कमाओ योजना के अंतर्गत प्रदेश में युवाओं को इंटर्नशिप के आधार पर 8-10 हजार रुपये दे रही है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने 750 वादों में से 15 महीने की सरकार के दौरान एक भी वचन पूरा नहीं किया, जो दुर्भाग्यजनक है।

**झूठी कांग्रेस ने हर प्रदेश में किये झूठे वादे**

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ मध्यप्रदेश में नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश हर जगह जनता से झूठे वादे किए हैं। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने कैबिनेट की पहली बैठक में एक लाख रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन ये वादा अभी तक अधूरा है। वहां की महिलाएं आज भी 1500 रुपये मिलने की राह देख रही हैं, जिसका वादा कांग्रेस ने किया था। छत्तीसगढ़ में शराबबंदी का वादा करने वाली कांग्रेस ने शराब की होम डिलीवरी शुरू कर दी। कांग्रेस की सरकार तेंदूपत्ता श्रमिकों का बोनस तक डकार गई। बेरोजगार नौजवानों को भत्ता दिया जाने का वादा कांग्रेस ने राजस्थान में भी किया था, लेकिन वहां भी उस वादे का हश्र मध्यप्रदेश जैसा ही हुआ और किसी नौजवान को भत्ता नहीं मिला। कर्नाटक में मु त बिजली का वादा करने वाली कांग्रेस ने सत्ता में आते ही बिजली की दरें 2 रुपये यूनिट बढ़ा दी थी। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हर जगह इतना झूठ बोला है कि अब वो झूठ बोलने की मशीन बन गई है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के इस कथन को सही साबित कर रही है कि कांग्रेस झूठ, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और अपराधीकरण की गारंटी है।

**आपसी नोंक-झोंक के बीच कांग्रेस द्वारा जारी किया गया छल पत्र प्रदेश की जनता के साथ क्रूर मजाक**

**वचन पत्र के नाम पर खुल रही झूठ की दुकान, छीन लेंगे गरीब का रोटी, कपड़ा और मकान**

**अजब ये नहीं कि वो झूठ बोलते हैं, गजब ये है कि बार-बार बोलते हैं**

**दो फाड़ कांग्रेस अब हो गई कपड़ा फाड़, ये कांग्रेस का द्वंद नहीं दंभ है**

**दोफाड़ कांग्रेस अब हो गई कपड़ा फाड़, ये कांग्रेस का द्वंद नहीं, दंभ है**

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने प्रत्याशियों की सूची घोषित की थी, उसमें अपराधीकरण, परिवारवाद, महिला उत्पीड़न कांग्रेस के मूल चरित्र के रूप में सामने आए थे। अब यही बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा दिग्विजय सिंह और जयवर्धन सिंह के कपड़े फाड़ने संबंधी बयान से भी सामने आई है। वास्तव में आपराधिक भाषा और प्रकृति छिंदवाड़ा से लेकर राघोगढ़ तक कांग्रेस के मूल चरित्र के रूप में दिखाई दे रही है। श्री शर्मा ने कहा कि कमलनाथ ने जिस तरह से पूर्व मु यमंत्री और उनके बेटे के कपड़े फाड़ने के लिए कार्यकर्ताओं को उकसाया है, उससे कांग्रेस की अंतकर्लह और अंतर्द्वंद सतह पर आ गए हैं। दो फाड़ कांग्रेस अब कपड़ा फाड़ कांग्रेस हो गई है। श्री शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह से कमलनाथ की ये नफरत नई नहीं है। कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद भी यह देखा गया था कि कमलनाथ दिग्विजय सिंह के वर्चस्व से परेशान थे। ऐसा लग रहा था कि यह सूची नहीं, कांग्रेस की शामत आ गई है। वास्तव में ये कांग्रेस का द्वंद नहीं, बल्कि नेताओं का दंभ है जो 15 महीने की सरकार में भी दिखाई दिया था। तब उसी सरकार के एक मंत्री उमंग सिंघार ने कहा था कि इस सरकार को पर्दे के पीछे से मि. बंटाढार दिग्विजय सिंह चला रहे हैं। कमलनाथ को भी इसका मलाल था। यहां तक कि कमलनाथ ने सरकार गिरने का दोष भी दिग्विजय सिंह को दिया था। श्री शर्मा ने कहा कि नेताओं के इस दंभ के चलते ही 15 महीने की सरकार के दौरान प्रदेश में विकास और गरीब कल्याण के काम प्रभावित हुए थे। आज यही दंभ कांग्रेस को विपक्ष के रूप में भी नकारा साबित कर रहा है और इस प्रकरण से कमलनाथ का अयोग्य और अस्वीकार्य नेतृत्व जनता के सामने आ गया है।

# नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कन्दमाता की पूजा विधि और उपासना

नवरात्र के पांचवें दिन भक्तों को अभीष्ट फल प्रदान करने वाली मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा करने का विधान है। ये देवी पार्वती का ही स्वरूप है।

**कौन हैं स्कंदमाता-** भगवान स्कंद (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है । भगवान स्कंद %कुमार कार्तिकेय%नाम से भी जाने जाते हैं । ये प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्तिधर कहकर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है ,इनका वाहन मयूर है। स्कंदमाता के विग्रह में भगवान स्कंदजी बालरूप में इनकी गोद में बैठे हुए हैं।




**दिव्य है इनका स्वरूप-** शास्त्रानुसार सिंह पर सवार स्कन्दमातृस्वरूपणी देवी की चार भुजाएं हैं,जिसमें देवी अपनी ऊपर वाली दांयी भुजा में बाल कार्तिकेय को गोद में उठाए उठाए हुए हैं और नीचे वाली दांयी भुजा में कमल पुष्प लिए हुए हैं ऊपर वाली बाईं भुजा से इन्होने जगत तारण वरद मुद्रा बना रखी है व नीचे वाली बाई भुजा में कमल पुष्प है।इनका वर्णन पूर्णतः शुभ्र है और ये कमल के आसान पर विराजमान रहती हैं इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है ।नवरात्र पूजन के पांचवे दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है।

**पूजा विधि-** मां के श्रृंगार के लिए खूबसूरत रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। स्कंदमाता और भगवान कार्तिकेय की पूजा भक्ति-भाव और विनम्रता के साथ करनी चाहिए। पूजा में कुमकुम,अक्षत,पुष्प,फल आदि से पूजा करें। चंदन लगाएं ,माता के सामने घी का दीपक जलाएं। आज के दिन भगवती दुर्गा को केले का भोग लगाना चाहिए और यह प्रसाद ब्राह्मण को दे देना चाहिए ऐसा करने से मनुष्य की बुद्धि का विकास होता है।

**बच्चों को होगा फायदा-** स्कंदमाता की पूजा में पीले फूल अर्पित करें और पीली चीजों का भोग लगाएं। संतान संबंधी कष्टों को दूर करने के लिए इस दिन बच्चों को फल-मिठाई बांटना भी बहुत अच्छा माना गया है।

**उपासना का फल-** पौराणिक मान्यता है कि इनकी पूजा से भगवान कार्तिकेय की पूजा स्वयं ही हो जाती है एवं स्कंदमाता की आराधना से सूनी गोद भर जाती है। इनकी साधना से साधकों को आरोग्य,बुद्धिमता तथा ज्ञान की प्राप्ति होती है। इनकी उपासना से समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं व भक्तों को परम शांति एवं सुख का अनुभव होने लगता है। सूर्यमण्डल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक आलौकिक तेज एवं कांति से संपन्न हो जाता है। संतान सुख एवं रोगमुक्ति के लिए स्कंदमाता की पूजा करनी चाहिए।

# मध्यप्रदेश के इस जिले में 60 साल से एक ही जगह पर मनाया जा रहा नवरात्रि उत्सव



खंडवा। देशभर में नवरात्रि की धूम है और जगह-जगह मां दुर्गा की सुंदर प्रतिमाएं विराजमान है. कहीं-कहीं तो गलीङ्कमोहल्ले में थोड़ी-थोड़ी दूर पर अलग-अलग प्रतिमाएं विराजमान की हुई है. मध्यप्रदेश के खंडवा जिले का एक नगर ऐसा है, जहां आज भी पूरे नगर में एक ही स्थान पर माता की प्रतिमा की स्थापना की जाती है. यह स्वर्णिम परंपरा सतत 60 वर्षो से लगातार जारी है. खंडवा जिले के मूंदी नगर में शारदीय नवरात्र उत्सव भक्तिभाव व उमंग के साथ मनाया जा रहा है.

माता मंदिर में इस बार मां कालिका स्वरूप की देवी प्रतिमा स्थापित की गई है. उत्सव की एक विशेषता है, कि नगर में सिर्फ एक ही स्थान (माता मंदिर) पर देवी प्रतिमा की स्थापना की जाती है, पिछले 60 साल से यह परंपरा सतत जारी है. नगर के देवी भक्त प्रतिदिन रात 9 बजे आरती में शामिल होते हैं. आरती भी संगीतमय होती है. आरती के बाद बालिकाएं गरबा प्रस्तुति देती है और माता को प्रसन्न करती है. आज के इस अलगाव वाले दौर में एकात्मता की मिसाल पेश करते नगरवासी अपनी इस स्वर्णिम परंपरा को लेकर खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं.

**पूर्वजों के समय से चली आ रही स्वर्णिम परंपरा**

नगर वासियों का कहना है, कि एक ही स्थान पर हमारे पूर्वज पिछले 60 बरस से माता की प्रतिमा को स्थापित करते आ रहे हैं. यहीं पर पूरे नगर के लोग एकत्र होकर 9 दिनों तक सतत माता की पूजाङ्कअर्चना करते हैं. इस दौरान लोगों का एकङ्कदूसरे से मेलङ्कमिलाप भी होता है, जिसमें हर जातिङ्कवर्ग के लोग एक साथ स मिलित होकर माता की आरती करते हैं, भजन करते हैं और उनकी भक्ति में रम जाते हैं. जिससे समाज के बीच सामाजिक समरसता बढ़ती है और लोग एकङ्कदूसरे के प्रति आत्मीयता का भाव रखते हैं.जिस तरह से फ्री स्टाइल डांडिया का प्रभाव बढ़ता जा रहा है, उससे समाज के त्यौहार अपना मूल स्वरूप खोते जा रहे हैं. हम सौभाग्यशाली हैं, जो हमारे पूर्वजों ने हमें विरासत में यह एकात्मता वाला नवरात्रि का त्यौहार दिया और अब इस विरासत को हम आगे बढ़ते हुए युवा पीढ़ी को सौंप रहे हैं. जो इसका स मान करते हुए कार्यक्रमों को आयोजित कर रही है.

## इस बार इंदौर को वोटिंग मे भी नंबर 1 बनाने प्रयास शुरू,

इन्दौर। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में जहां -जहां मतदान का प्रतिशत कम है वहां मतदाताओं से अपील कर इंदौर को स्वच्छता की तरह मतदान में भी नंबर वन बनाएं। सीईओ स्मार्ट सिटी सभी दिव्यांक सिंह तथा एसडीम कल्याणी पांडे आज निर्वाचन टीम, बीएलओ टीम, एनजीओ टीम, आईईसी ऐ सपर्ट रस्मी चौधरी, बेसि स, फीडबेक के प्रतिनिधियों के साथ फिल्ड पर उतरकर उन क्षेत्रों में भ्रमण किया गया जहां मतदान का प्रतिशत कम रहता है तथा नागरिकों से चर्चा कर उनके मतदान नहीं करने के कारण पता किए।

**लोगों से की चर्चा** - अधिकारियों के दल के द्वारा मतदान को लेकर क्षेत्र की सभी मल्टी, रहवासिय संघ, रहवासियों, दुकानदार आदि से चर्चा भी की गई। अधिकारियों द्वारा नागरिकों को बताया गया कि मतदान करना उनका अधिकारी नहीं कर्तव्य भी है तथा नागरिकों से अपील भी की गई

## केरल के नगर निगम कमिश्नर की इंदौर में मौत, भोजन के बाद बिगड़ी तबीयत

इंदौर।केरल के नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार (47) की मंगलवार रात इंदौर के होटल में मौत हो गई। वे 50 सदस्यों की टीम के साथ इंदौर में दौरे पर आए थे। यह टीम इंदौर में स्वच्छता को लेकर दौरे पर थी। सभी सदस्य होटल प्राइड में रुके थे।



मंगलवार रात भोजन करने के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। सूचना के बाद इंदौर नगर निगम के अफसर मौके पर पहुंचे और उन्हें पास के निजी अस्पताल ले गए। यहां डॉ टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह उनका पोस्टमार्टम कराया गया।

सूचना के बाद मंगलवार रात में ही इंदौर के नगर निगम अफसरों का दल अस्पताल पहुंचा। इंदौर नगर निगम की कमिश्नर हर्षितासिंह भी एमवाय अस्पताल पहुंची। यहां अधिकारियों ने जानकारी दी की मंगलवार रात यहां केरला के निगम कमिश्नर संजीत कुमार (47) की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉ टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**प्लेन से शव भेजेंगे**

जानकारी के मुताबिक पोस्टमार्टम के बाद प्लेन से शव को केरल भेजने की तैयारी कर ली गई है। शव को एंबुलेंस से एयरपोर्ट के लिए रवाना कर दिया गया है। उनके साथ केरल के अधिकारियों की एक टीम भी साथ रहेगी।

# प्रधानमंत्री मोदी जी नारी स मान के सबसे बड़े प्रतीक

**- प्रहलाद सिंह पटेल**

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी के तीन दिवसीय शक्ति केंद्र स मेलन की शुरूआत मंगलवार को प्रदेश भर के विभिन्न मंडलों में हुई। जहां पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं को और शक्ति केंद्र में प्रचण्ड बूथ विजय की प्रतिज्ञा दिलाई। केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पाटन और बरगी विधानसभा में आयोजित ÷शक्ति स मेलन÷ में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने कभी जाति आधारित राजनीति नहीं की। आज कांग्रेस पिछड़ी जातियों की हिमायती बनने का ढोंग कर रही है। कांग्रेस से पूछा जाए कि उन्होंने इतने सालों में आखिर पिछड़ी जातियों के लियें या किया है ? भारतीय जनता पार्टी ने तो तीन-तीन मु यमंत्री स्वर्गीय बाबूलाल गौर, सुश्री उमा भारती और श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश को दिए हैं। कांग्रेस कभी जनहित के लिए सत्ता नहीं चाहती। कांग्रेसियों का मकसद सिर्फ भ्रष्टाचार करना और राजनीतिक तुष्टिकरण को हवा देना रहा है। श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत में नारी स मान के सबसे बड़े प्रतीक पुरुष हैं योंकि उन्होंने लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाने का ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए मोदी जी के हाथ मजबूत करने के लिये हमें प्रतिज्ञा लेनी होगी कि हम अपनी सरकारों की योजनाओं और उनके सुखद परिणामों को लेकर जनता के बीच जाएं। साथ ही कांग्रेस के भ्रष्टाचार का खुलासा करें और तथ्यों के साथ अपनी बात रखें। केन्द्रीय मंत्री श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं को शक्ति केंद्र में प्रचंड बूथ विजय की प्रतिज्ञा दिलाई।

**मोदीजी और शिवराज जी ने बदली देश और प्रदेश की तकदीर**

**कांग्रेस पिछड़ी जातियों की हिमायती बनने का ढोंग कर रही**

**भाजपा की हर एक योजना कांग्रेस के पूरे कार्यकाल पर भारी**

**कार्यकर्ता ही भाजपा की जीत की आधारशिला**

**कांग्रेसियों का मकसद सिर्फ भ्रष्टाचार और राजनीतिक तुष्टिकरण को हवा देना**




**भाजपा कोरे भाषण नहीं करती, जमीन पर काम करती है**

बरगी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेवर में आयोजित शक्ति स मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये केन्द्रीय मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मध्यप्रदेश के मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की ऐसी एक भी योजना नहीं है, जो नारी केन्द्रित न हो। उन्होंने कहा कि सरकार ने घर-घर शौचालय दिए, ये हमारी मातृशक्ति की सुविधा से ज्यादा स मान से जुड़ी बात थी। महिलाओं को सुबह-सुबह पानी के लिये भटकना पड़ता था, अब नल - जल योजना से हर - घर में नल से जल पहुँच रहा है, इससे महिलाओं की बहुत बड़ी मुश्किल आसान हुई है। श्री पटेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि कच्चे मकानों में बारिश और धूप से परेशान लोग अब पक्की छतों के नीचे रह रहे हैं, ये मोदी जी की बदौलत ही संभव हुआ है। किसानों को स मान निधि देने वाली भारतीय जनता पार्टी की पहली सरकार हैं। उन्होंने ने कहा कि भाजपा कोरे भाषण नहीं करती, जमीन पर काम करती है।

**हमारा एकमात्र उद्देश्य ÷सर्वजन हिताय÷**

पाटन विधानसभा के पाटन शक्ति केंद्र के स मलेन में श्री पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं लोकलुभावन नहीं बल्कि जनता के जीवन में बदलाव और दुःख- दर्द कैसे दूर हो इस दृष्टी से बनाई जाती है। एक प्रत्यक्ष उदारहण यह है कि डब्ल्यूएचओ का कहना है कि शौचालय और साफ पानी से हम गंभीर बीमारियों में होने वाले अरबों रुपये बचा सकते हैं। इस दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान और शौचालय निर्माण का मिशन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। श्री पटेल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के पास ऐसे अनेक बिन्दु हैं, जिन्हें लेकर वो जनता के बीच सिर उठाकर जा सकता है और पूछ सकता है कि कांग्रेस ने ऐसा कुछ किया हो तो बताए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारी सरकारों की योजनाएं कभी भी तुष्टिकरण या वोट के लालच से नहीं बनाई जाती हमारा एकमात्र उद्देश्य है सर्वजन हिताय।

**कार्यकर्ताओं को दिलाया जीत का संकल्प**

केन्द्रीय मंत्री श्री पटेल ने कहा कि बरगी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी श्री नीरज सिंह युवा पीढ़ी के नौजवान है, उनमें जनसेवा का जूनून है, नीरज प्रगति के साथ नई तकनीक की गति का सामंजस्य करेंगे और हम सबको उनका साथ देना है। केन्द्रीय मंत्री श्री पटेल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को जीत का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर पार्टी प्रत्याशी श्री नीरज सिंह, मंडल अध्यक्ष श्री धीरज पटेल, श्री शिव पटेल, श्री महेश तिवारी, श्री अरविंद पटेल, श्री राजकुमार पटेल, श्री सतीश जैन सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

**पूरे प्राण-प्रण से भाजपा की जीत के लिये एक हो जाएं कार्यकर्ता**

पाटन विधानसभा के शक्ति स मलेन में श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए कहा कि वे पूरे प्राण-प्रण से भाजपा प्रत्याशी श्री अजय विश्नोई की जीत के लिये एकजुट होकर चुनावी मैदान में डट जाएं। इस अवसर पर पार्टी प्रत्याशी श्री अजय विश्नोई, नगर पालिका अध्यक्ष श्री आचार्य जगेंद्र, जिला उपाध्यक्ष श्री संदीप शु ला, श्री देवेंद्र यादव, श्री कृष्णशेखर सिंह, सहित बड़ी सं या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## केवलारी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने की छपारा मंडल में कार्यकर्ताओं से मुलाकात

छपारा यशोः- 18 अे टूबर को 2:00 बजे भारतीय जनता पार्टी छपारा मंडल में माननीय विधायक और पुनः भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह जी का आगमन हुआ जहां भारतीय जनता पार्टी मंडल छपारा के सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक प्रभारी सोशल मीडिया प्रभारी हितग्राही प्रभारी बूथ के अध्यक्ष महामंत्री बी एल ए मंडल के पदाधिकारीयो ने राकेश पाल सिंह जी का भव्य स्वागत किया जहां माननीय विधायक और पुनः प्रत्याशी श्री राकेश पाल सिंह जी और भारतीय जनता पार्टी मंडल छपारा के मंडल अध्यक्ष पंकज जोलदेव के साथ गणेश विश्वास रीना विश्वास अभिषेक ठाकरिया सुरेंद्र नागेश इन चारों ने भाजपा की नीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्य ग्रहण की राकेश पाल सिंह जी ने चारों को फूल माला ओर अंग वस्त्र पहनकर भाजपा की सदस्य दिलाए कार्यक्रम में बड़ी सं या में भारतीय जनता पार्टी के जस्ट श्रेष्ट पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

## मतदाता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया




छपारा यशोः- प्रदेश में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। सभी से मतदान करने की अपील की जा रही है। विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के उद्देश्य को लेकर मतदाताओं को हस्ताक्षर अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में छपारा नगर परिषद के द्वारा नगर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, नगर परिषद कर्मचारियों ने मतदाताओं के बीच पहुंचकर हस्ताक्षर अभियान चलाया, और मतदाताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया. हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने में नगर परिषद कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने लोगो से घर-घर व दुकान-दुकान जाकर इस हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाया व मतदाताओं को जागरूक किया. इस हस्ताक्षर कार्यक्रम में राकेश सदाफल (बीएलओ), दीपक पाठक, शिवदत्त पाठक, गोरब उइके व अन्य नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे

## शावकों को बचाने के लिए मादा तेंदुआ ने किया यह काम, रोमांचित हुए पर्यटक

**पेंच पार्क के डिप्टी डायरे टर राजनीश कुमार सिंग का कहना है कि घटना की पूरी शृंखला जंगल की मौलिक सुंदरता और जंगल में जीवन के नाजुक संतुलन का प्रमाण है**

सिवनी यशोः- पेंच टाइगर रिजर्व में भारतीय व विदेशी पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य व वन्यप्राणी खासकर बाघ व तेंदुए के दीदार हो रहे हैं। इन दृश्यों को पर्यटक अपने कैमरे में कैद कर रहे हैं। ऐसा ही एक अद्भुत नजारा सफारी के दौरान पर्यटकों को देखने मिला। इसे देख पर्यटक आश्चर्यचकित हो गए।

**कुत्तों ने पीछा किया तो मादा तेंदुआ पेड़ पर चढ़ गई**

पेंच टाइगर रिजर्व में 12 अे टूबर की सुबह की सफारी के दौरान प्रकृतिवादी इमरान खान ने सफारी पर गए पर्यटकों का ध्यान जंगली कुत्तों के एक झुंड पर केंद्रित कराया। कुछ ही क्षण बाद पर्यटकों ने देखा कि एक तेंदुआ परिवार चट्टानों के ऊपर बैठा है और जंगली कुत्ते उस चट्टान की ओर बढ़ रहे हैं। कुत्तों को अपनी ओर आता देख मादा तेंदुए अपने शावकों की सुरक्षा के लिए जंगली कुत्तों का ध्यान भटकाने के लिए चट्टान से नीचे आ गई। जंगली कुत्तों ने उसका पीछा किया और इस पर मादा तेंदुआ एक पेड़ पर चढ़ गई। कुत्ते कुछ देर तक पेड़ के चारों ओर चक्कर लगाते रहे।

**वीडियो पार्क प्रबंधन के फेसबुक पेज पर अपलोड**

इसी बीच वहां एल मार्क के नाम से मशहूर बाघ भी वहां पहुंच गया और जंगली कुत्तों को भगा दिया। बाघ जंगली कुत्तों का पीछा करते हुए घने



जंगल में चला गया। कुछ समय बाद जब सब कुछ शांत हो गया तो तेंदुआ का पूरा परिवार चट्टानों पर फिर से एकजुट हो गया। इस पूरे घटनाक्रम के वीडियो को पार्क प्रबंधन ने अपने फेसबुक पेज पर अपलोड भी किया है। इस संबंध मे पेंच पार्क के डिप्टी डायरे टर राजनीश कुमार सिंग का कहना है कि घटना की पूरी शृंखला जंगल की मौलिक सुंदरता और जंगल में जीवन के नाजुक संतुलन का प्रमाण थी।

## प्रत्याशियों के चुनाव व्यय पर निगरानी रखने प्रेक्षक नियुक्त

सिवनी यशोः- विधानसभा चुनाव-2023 अंतर्गत चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए चुनाव व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये रखी गई है। प्रत्याशी चुनाव के दौरान इससे अधिक राशि का व्यय नहीं कर सकेंगें। चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशियों के चुनाव व्यय पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशियों के चुनाव व्यय पर निगरानी रखने के लिए व्यय प्रेक्षक नियुक्त कर दिये गये है। जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए दो व्यय प्रेक्षक नियुक्त किये गये है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-115 सिवनी एवं विधानसभा क्षेत्र 117 लखनादौन के लिए भारतीय राजस्व सेवा के 2013 बैच के अधिकारी मनिंदर कुमार एवं विधानसभा क्षेत्र 114 बरघाट एवं विधानसभा क्षेत्र 116 केवलारी के लिए भारतीय राजस्व सेवा के वर्ष 2014 बैच के अधिकारी रावर स्वप्निल साहेबराव को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। दोनों व्यय प्रेक्षक 21 अे टूबर को खरगोन जिले में उपस्थित हो जायेंगें।

## मतदाता जागरूकता गतिविधियों में सीईओ जिला पंचायत ने की समीक्षा



**मैदानी अमले को दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

सिवनी यशोः- मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय ने बुधवार 18 अे टूबर को जनपद सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वीप गतिविधियों के आयोजन को लेकर पंचायत विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सचिव, स्कूल प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में सीईओ श्री विजय ने 25 अे टूबर से 15 नव बर तक जिले में मतदान जागरूकता अभियान अंतर्गत प्रतिदिन प्रत्येक बूथ में विविध गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को आगामी 17 नव बर को मतदान करने हेतु प्रेरित करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक के अंत में सीईओ श्री विजय द्वारा उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

## टिकारी मार्ग में गडढों की भरमार शीर्षक से प्रकाशित खबर का खण्डन

सिवनी यशोः- कार्यालय परियोजना महाप्रबंधक मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्रधिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई सिवनी- 1 द्वारा दैनिक भास्कर जबलपुर 04 अे टूबर 2023 को %%टिकारी मार्ग में गडढों की भरमार%% शीर्षक से प्रकाशित खबर के संदर्भ में खण्डन जारी कर बताया गया है कि कार्य प्रभारी सहायक प्रबंधक द्वारा पैकेज क्रमांक एमपी-36 एमटीएन 190 का मार्ग मोरडोंगरी से टिकारी ल बाई 3.3 किमी का निरीक्षण दिनांक 06 अे टूबर 2023 को किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि मार्ग में कहीं भी गडढे नहीं हैं। मार्ग के चैनेज क्रमांक 1000 मी पर स्थित पुलिया का वियरिंग कोर्स क्षतिग्रस्त हुआ है जिसके सुधार का प्रावधान आई आर अंतर्गत किया जा चुका है एवं मर त का कार्य प्रारंभ कर पूर्ण कराने हेतु संविदाकार को निर्देशित किया गया है। खबर के साथ प्रकाशित चित्र प्रधानमंत्री ग्राम स्डक योजना से निर्मित मार्ग मोरडोंगरी से टिकारी का नही है।

## पोस्टर एवं प पलेट में प्रकाशित मुद्रक का नाम एवं मुद्रण सं या अनिवार्य

**बैठक लेकर मुद्रकों को दिये गये निर्देश**

सिवनी यशोः- रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र सिवनी द्वारा विगत 16 अे टूबर 2023 को निर्वाचन पोस्टर, पै पलैट इत्यादि के प्रकाशन के संबंध में प्रिंटिंग प्रेस एवं मुद्रक की बैठक लेकर निर्देशित किया गया कि वे निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन करते हुए सभी पोस्टर प पलेट इत्यादि के संबंध में निर्धारित प्रारूप में घोषणा का प्रकाशन करेंगे तथा प पलेट की सं या एवं मुद्रक का नाम, पता अनिवार्य रूप से प्रकाशित करेंगे। निर्धारित प्रारूप में घोषणा न करने पर संबंधितों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## नगर कांग्रेस ने वार्डो के मंडलम, से टर, बीएलए की बैठक ली

सिवनी यशोः- सिवनी विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी के चुनावी प्रचार प्रसार के लिए नगर कांग्रेस द्वारा कबीर वार्ड सात फेरे लॉन में नगर के 8 वार्डो के मंडलम, से टर, बीएलए की बैठक ली गई, बैठक में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के लिए वार्डो में कांग्रेस कार्यकर्ता कैसे प्रचार प्रसार करें। माननीय कमलनाथ सरकार द्वारा एक एक वचन को पूरा किया गया किसानों का ऋण माफ, 100 रू. 100 यूनिट बिजली, सामाजिक न्याय पेंशन दोगुनी, मु यमंत्री कन्या विवाह योजना अन्तर्गत कन्या के खाते में 51 हजार रू. की राशि गौशालाओं का निर्माण, युवा स्वाभिमान योजना के अन्तर्ग 4000 रू. प्रति माह, शुद्ध के लिए युद्ध, माफियाओं पर कार्यवाही जैसी अनेक जनहितैशी योजनाओं पर कार्य किया गया। इसी तरह कॉग्रेस सरकार बनने पर प्रति माह 1500 रू. प्रत्येक महिला के खाते में, 500 रू. गैस सिलेंडर, 100 रू. 100 यूनिट बिजली, 200 रू. आधा बिजली का बिल, जातिगत जनगणना, किसानों को मु त बिजली, किसानों का कर्ज माफ, वोल्ड पेंशन स्कीम लागू, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की घोषणा की है। कमलनाथ जी वचन के पक्के है जो कहा है वह करते है वह मध्यप्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चैहान की तरह घोषणा वीर नही है। उनके द्वारा हजारो घोषणाऍ की गई आज तक घोषणा ही बनकर रह गयी जिन पर आज तक अमल नही किया गया।

मु यमंत्री शिवराजसिंह चैहान द्वारा सिवनी आगमन पर कई बार अपने भाषण में सिवनी के लिए भी संभाग का मु यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि विद्यालय, युवाओं के लिए रोजगार जैसी अनेक घोषणाऍ की किन्तु उन्हें आज दिनांक तक पूरी नही हुई, उनकी घोषणा मेडिकल कालेज अभी तक पूर्ण रूप से पूरी नही हो पायी, यह सब बाते जनस पर्क के दौरान आम जनता को बताना है और कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी के पक्ष में वोट मांगना है। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान, जिला संगठन मंत्री एड. पंकज शर्मा, इमरान पटेल, संतोष पटेल, महेन्द्र पंडया, अरूण सैनी, श्रीमति अल्पना राणा, राजेश पटेल, गंगन अवस्थी, उदयलाल दमाहे, एड. विशाल तिवारी, राजिक अकील, मंगल मिश्रा, रघुवीर पटले, रवि कटरे, भैयालाल कुमरे, शिवसागर शर्मा, जेसी बिसेन, हरकचंद पटले, राजकुमार ठाकुर, असद बबली खान, दुर्गाशंकर बिसेन, मनोज हरिनखेडे, मिर्जा फेसल बेग, सतीश श्रीवास, जय प्रकाश परिहार, जुगल किशोर पुसाम, मोहसिन खान, अशोक ठाकुर,, सुनील ठाकुर, संजय यादव, राजू यादव, मोहन विश्वकर्मा, ओमउपध्याय, विजेन्द्र करोसिया, ऋषभ ठाकुर, आशीष राजपूत, तबरेज अली सभी ने कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी को भारी बहुमतो से विजय बनाने की अपील की।

## ढालसिंह बिसेन द्वारा नियुक्त दो प्रतिनिधियों ने अपने पद से इस्तीफा दिया

सिवनी यशोः- सिवनी-बालाघाट सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा नियुक्त दो प्रतिनिधियों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। युवा मोर्चा में सक्रिय रहे केन्द्रीय मंत्री सांसद प्रहलाद पटेल के अत्यंत करीब माने जाने वाले संजीव मिश्रा संजू ने विधानसभा सीट सिवनी के सांसद प्रतिनिधि के पद से इस्तीफा देते हुए डॉ. बिसेन को अवगत कराया है कि वे अपिहार्य कारणों से अपने पद से त्याग पत्र दे रहे है। इसी तरह सांसद बिसेन द्वारा जिला पंचायत सिवनी में नियुक्त किसान नेता दिलीप अग्रवाल ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वे जिला पंचायत सिवनी में सांसद के प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त किये गये थे। दिलीप ने भी अपने इस्तीफे का कारण स्पष्ट न करते हुए अपिहार्य शब्द का उपयोग किया है। विधानसभा क्षेत्र सिवनी में प्रभावशील माने जाने वाले दोनों ही वरिष्ठ व पुराने भाजपा के इन पदाधिकारियों के इस्तीफे के बाद नगर की राजनीति में हलचल मच गई है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार दोनों ही नेता सिवनी विधानसभा से दल द्वारा घोषित प्रत्याशी को लेकर भाजपा के निर्णय से नाराज है। आगामी 17 नवंबर को इस क्षेत्र के मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग करने जा रहे है लेकिन जिस तरह से दोनों ही वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने अपने पदो से इस्तीफा दिया है वह स्पष्ट कर रहा है कि विधानसभा सिवनी में भाजपा की संगठनात्मक स्थिति कमजोर होगी, ` योकि दोनों ही नेताओं का प्रभाव ग्रामीण और शहरीय अंचलों में प्रभावशील है। नगर पालिका सिवनी के चुनाव के दौरान भी संजू मिश्रा ने महत्वपूर्ण भुमिका निभाते हुए विभिन्न वार्डो में सघन प्रचार कर दल की लाज बचाते हुए 11 वार्डो में दल के प्रत्याशियों को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी वहीं दिलीप अग्रवाल वर्षो से किसानों के हित में राजनीति करते चले आ रहे है। ऐसे में दोनों इस्तीफों का प्रभाव विधानसभा क्षेत्र सिवनी में भाजपा उ मीदवार की जीत की संभावनाओं पर नकारात्मक तौर पर पड़ सकता है।

# राजनैतिक दल या अ यर्थी ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल न हों जो विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण एवं अपराध है

### राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के लिए दिशा निर्देश

भोपाल । मध्यप्रदेश में 9 अे टूबर से विधानसभा निर्वाचन-2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के संबंध में राजनीतिक दलों और प्रत्याशियो के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए है। आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार सामान्य आचरण के तहत किसी भी राजनीतिक दल या अ यर्थी को ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होना चाहिए, जिससे भिन्न जातियों और धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच विद्यमान मतभेद अधिक गंभीर हो सकते हैं या परस्पर नफरत हो सकती है या तनाव पैदा हो सकता है। यदि राजनीतिक दलों की आलोचना की जाए, तो यह उनकी नीतियों और कार्यक्रमों, गत रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रखी जाएगी। दलों और अ यर्थियों को अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं की सार्वजनिक गतिविधियों से असंबद्ध निजी जीवन के सभी पहलुओं की आलोचना करने से बचना होगा। असत्यापित आरोपों या मिथ्या कथन के आधार पर अन्य दलों या उनके कार्यकर्ताओं की आलोचना करने से बचना होगा। मत प्राप्त करने के लिए जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। मंदिर, मस्जिद, चर्च और पूजा के अन्य स्थलों को निर्वाचन के प्रचार के मंच के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जाएगा।

सभी दल और अ यर्थी ऐसी सभी गतिविधियों से ईमानदारी से परहेज करेंगे जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण एवं अपराध हैं जैसे कि मतदाताओं को घूस देना, मतदाताओं को डराना- धमकाना, मतदाताओं का प्रतिरूपण मतदान केंद्रों से 100 मीटर की दूरी के अंतर्गत प्रचार करना, मतदान समाप्त होने के लिए निर्धारित समय के समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक सभाएं आयोजित करना और मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक लाने- ले जाने के लिए परिवहन और वाहन उपलब्ध कराना।

हर व्यक्ति के शांतिपूर्ण और बाधारहित घरेलू जीवन के अधिकार का स मान किया जाएगा, फिर चाहे राजनीतिक दल और अ यर्थी उनकी राजनीतिक राय या गतिविधियों से कितने भी अप्रसन्न हो। किसी भी परिस्थिति में उनकी राय अथवा गतिविधियों के खिलाफ विरोध जताने के लिए व्यक्तियों के घर के सामने प्रदर्शन आयोजित करने या धरना देने का सहारा नहीं लिया जाएगा।

कोई भी राजनैतिक दल या अ यर्थी अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों इत्यादि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने इत्यादि की अनुमति नहीं देगा। राजनैतिक दल और अ यर्थियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनके समर्थक अन्य दलों द्वारा आयोजित सभाओं और जुलूसों में बाधा खड़ी नहीं करेंगे या उन्हें भंग नहीं करेंगे। किसी राजनैतिक दल के कार्यकर्ता या समर्थक अन्य राजनीतिक दल द्वारा आयोजित सार्वजनिक सभा में मौखिक या लिखित रूप में सवाल पूछकर या अपने दल के पर्चे बॉटकर बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे। किसी दल द्वारा उन स्थानों के आसपास जुलूस न निकाला जाए, जहाँ अन्य दल की सभाएं आयोजित हो रही हैं। किसी दल के कार्यकर्ता अन्य दल के कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए पोस्टर नहीं हटाएंगे।

**सभाएं-** राजनैतिक दल या अ यर्थी स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों को किसी भी प्रस्तावित सभा के स्थल और समय के बारे में काफी पहले से सूचित करेंगे ताकि पुलिस यातायात को नियंत्रित करने और शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर सके। दल या अ यर्थी अग्रिम रूप से सुनिश्चित करेगा कि ` या सभा के लिए प्रस्तावित स्थल पर कोई रोक या निषेधाज्ञा लागू तो नहीं है और यदि ऐसे आदेश मौजूद हैं, तो उनका कड़ाई से पालन किया जाएगा। यदि ऐसे आदेशों से किसी रियायत की आवश्यकता हो, तो अग्रिम रूप से इसके लिए आवेदन किया जाएगा और प्राप्त किया जाएगा। यदि किसी प्रस्तावित सभा के संबंध में लाउड-स्पीकरों या किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति या अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता है, तो दल या अ यर्थी अग्रिम रूप से संबंधित प्राधिकरण के समक्ष आवेदन करेगा और यह अनुमति या अनुज्ञा प्राप्त करेगा। सभा के आयोजक सभा में बाधा खड़ी करने वाले या अन्यथा अव्यवस्था पैदा करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों से निपटने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस की निरपवाद रूप से सहायता प्राप्त करेगा। स्वयं आयोजक ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करेंगे।

**जुलूस-** जुलूस का आयोजन करने वाला दल या अ यर्थी जुलूस शुरू करने का स्थान और समय, अनुगमन किए जाने वाले मार्गो और जुलूस समाप्त होने का स्थान और समय पहले से ही तय करेगा। साधारण तौर पर कार्यक्रम में कोई परिवर्तन नहीं होगा। आयोजक स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों को कार्यक्रम की अग्रिम सूचना देंगे, जिससे स्थानीय पुलिस प्राधिकारी आवश्यक व्यवस्था कर सकें। आयोजक यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन इलाकों से जुलूस निकालना है,` या इन इलाकों में कोई प्रतिबन्ध आदेश लागू है और प्रतिबन्ध आदेशों का पालन करेंगे यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशेष रूप से रियायत नहीं दी गई है। यातायात संबंधी किन्हीं विनियमों या प्रतिबंधों का भी ध्यानपूर्वक अनुपालन किया जाएगा। आयोजक जुलूस निकालने के लिए अग्रिम रूप से व्यवस्था करने के लिये कदम उठाएंगे, जिससे यातायात में कोई रुकावट या बाधा न आए। यदि जुलूस बहुत लंबा है, तो इसे उचित लंबाई के कई हिस्सों में आयोजित किया जाएगा, जिससे सुविधाजनक अंतरालों पर विशेष रूप से उन स्थानों पर जहाँ जुलूस को सड़क का चौराहा पार करना है, रुके हुए यातायात को कई चरणों में छोड़ा जा सके जिससे कि यातायात बाधित होने से बचा जा सके। जुलूस को इस प्रकार से विनियमित किया जाएगा कि जहाँ तक संभव हो यह सड़क के दाहिने तरफ रहे और ड्यूटी पर तैनात पुलिस के निर्देशों और सलाह का कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा। यदि दो या अधिक राजनीतिक दल या अ यर्थी जुलूस को समान रास्तों या उसके किसी भाग से एक ही समय पर ले जाने का प्रस्ताव देते हैं, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कि दोनों जुलूस आपस में न टकराएं या यातायात में बाधा उत्पन्न न करें, आयोजक अग्रिम रूप से संपर्क करेंगे और अपनाए जाने वाले उपायों के बारे में निर्णय लेंगे। संतोषजनक व्यवस्था पर पहुँचने के लिए स्थानीय पुलिस की सहायता ली जाएगी। इस प्रयोजनार्थ दल पुलिस से यथाशीघ्र स पर्क करेंगे। राजनीतिक दल या अ यर्थी, जुलूस में भाग लेने वाले लोगों के पास मौजूद ऐसी वस्तुओं जिनका अवांछनीय लोगों द्वारा दुरुपयोग किया जा सकता है, पर अधिकतम संभव सीमा तक नियंत्रण रखेंगे। किसी भी राजनीतिक दल या अ यर्थी द्वारा अन्य राजनीतिक दलों के सदस्यों या उनके नेताओं को निरूपित करने वाले पुतले ले जाने, जनता के बीच इन पुतलों को जलाने और इस तरह के अन्य प्रकार के प्रदर्शन का समर्थन नहीं किया जाएगा।

**मतदान दिवस के लिये राजनीतिक दल और अ यर्थी**

सभी राजनीतिक दल और अ यर्थी शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित मतदान और मतदाताओं को किसी भी तरह से परेशान किए बिना या कोई अड़चन पैदा किए बिना उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने की पूरी स्वतंत्रता का सुनिश्चय करने के लिए निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे। अ यर्थी अपने प्राधिकृत कार्यकर्ताओं को उचित बैज और पहचान पत्र प्रदान करेंगे। इस बात पर सहमति देंगे कि उनके द्वारा मतदाताओं को प्रदान की गई पहचान पर्ची सादे (सफेद) कागज पर होगी और उस पर कोई प्रतीक, अ यर्थी का नाम या दल का नाम नहीं होगा। मतदान के दिन और इससे 48 घंटे पहले शराब देने या बांटने से दूर रहेंगे। राजनीतिक दलों और अ यर्थियों द्वारा मतदान बूथों के पास लगाए गई शिविरों के निकट अनावश्यक भीड इकट्ठा नहीं होने देंगे, जिससे दलों के कार्यकर्ताओं और समर्थकों और अ यर्थियों के मध्य टकराव और तनाव से बचा जा सके। सभी सुनिश्चित करेंगे कि अ यर्थी के शिविर साधारण होंगे। कोई पोस्टर, झंडा, प्रतीक, या कोई अन्य प्रचार सामग्री प्रदर्शित नहीं करेंगे। कोई खाद्य सामग्री परोसी नहीं जाएगी अथवा भीड़ को शिविर में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी और मतदान के दिन वाहनों के यातायात पर लगाये जाने वाले प्रतिबंधों के अनुपालन में प्राधिकारियों का सहयोग करेंगे और उनके लिए अनुज्ञा पत्र प्राप्त करेंगे, जो उन वाहनों पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होने चाहिए।

**मतदान बूथ-**मतदाताओं को छोड़कर, ऐसा कोई व्यक्ति मतदान बूथ के भीतर प्रवेश नहीं करेगा जिसके पास निर्वाचन आयोग का कोई मान्य प्रवेश पत्र नहीं है।

**प्रेक्षक-** निर्वाचन आयोग प्रेक्षकों को नियुक्त करता है। यदि अ यर्थियों या उनके अभिकर्ताओं को निर्वाचन के संचालन के संबंध में कोई विशेष शिकायत या समस्या है, तो वे उसे प्रेक्षक के ध्यान में ला सकते हैं।

**सत्ताधारी दल के लिये-** केंद्र या राज्य या संबंधित राज्यों का सत्ताधारी दल यह सुनिश्चित करेगा कि इस वजह से शिकायत का अवसर न दिया जाए कि उन्होंने अपने निर्वाचन अभियान के प्रयोजनार्थ अपनी आधिकारिक स्थिति का उपयोग किया है और विशेष रूप से मंत्री अपने सरकारी दौरों को निर्वाचन संबंधी कार्यो के साथ नहीं जोड़ेंगे और साथ ही निर्वाचन संबंधी कार्यो के दौरान सरकारी मशीनरी या कर्मचारियों का उपयोग नहीं करेंगे। सत्ताधारी दल के हित को बढ़ावा देने के लिए सरकारी विमानों का सरकारी परिवहन, मशीनरी और कर्मचारियों का उपयोग नहीं करेंगे। निर्वाचन के संबंध में निर्वाचन सभाएं आयोजित करने के लिए मैदान जैसे सार्वजनिक स्थानों और हवाई उड़ानों के लिए हेलीपैड्स के उपयोग पर किसी का एकाधिकार नहीं होगा। अन्य दलों और अ यर्थियों को उन्हीं नियमों और शर्तो पर ऐसे स्थानों और सुविधाओं का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी, जिन नियमों और शर्तो पर सत्ताधारी दल इनका उपयोग करता है। विश्राम गृह, डाक बंगलों या अन्य सरकारी आवासों पर सताधारी दल या उसके अ यर्थी का एकाधिकार नहीं होगा और अन्य दल और अ यर्थियों को निष्पक्ष ढंग से इन आवासों का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन कोई भी दल या अ यर्थी इन आवासों (उसके अंतर्गत मौजूद परिसरों का उपयोग अभियान कार्यालय के रूप में या निर्वाचन प्रचार के प्रयोजनार्थ कोई सार्वजनिक सभा आयोजित करने के लिए नहीं करेगा या ऐसा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सार्वजनिक राजकोष की लागत पर समाचार पत्रों और अन्य मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित करने और निर्वाचन अवधि के दौरान पक्षपातपूर्ण कवरेज के लिए राजनीतिक समाचारों की सरकारी मास मीडिया का दुरुपयोग और सत्ताधारी दल की संभावनाओं को बढ़ाने की दृष्टि से उनकी उपलब्धियों के संबंध में प्रचार करने से सावधानीपूर्वक बचेंगे।

